[ 17/3/2025]

प्रश्न सं. [ क्र. 1971 ]

परिशिष्ट

(1/3)

कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक (ग्वा.क्षे.) मुक्र-31

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. ग्वालियर

☎ 0751-2448200, FAX-0751-2448280 Website mpez.co.in

क्रमांक : मुमप्र/ग्वाक्षे/ 1502 ग्वालियर,दिनांक 28-2-25

प्रति,

मुख्य महा प्रबन्धक (ग्वा.क्षे.)
म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि.
ग्वालियर।

विषयः- जॉच प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने बावत।

सन्दर्भ- मुख्य महाप्रबंधक (ग्वा.क्षे.) ग्वालियर का आदेश कमांक 3017 दिनांक 27.02.2025

---00---

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सन्दर्भित आदेश के तहत गठित जांच दल के सदस्यो द्वारा आज दिनांक 28.02.2025 को ध्यांनाकर्षण सूचना कमांक 351 मे निहित दो विन्दुओ की जांच भिण्ड जाकर की गई। जांच में पाया गया कि :–

1. भिण्ड विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत आर.डी.एस.एस (लोस रिडकशन) योजनान्तर्गत 70 नंबर अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर एवं 526.07 किलोमीटर लाईन इंटर कनेक्शन/वायफरकेशन/ऑगमटेशन का प्रावधान प्रस्तावित है जिसकी कार्य पूर्ण करने की समयावधि 02 वर्ष की है जो की माह अक्टूबर 2025 तक हैं। श्री गौरव बाम्बा डिप्टी टीम लीडर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज दिनांक तक 40 नंबर अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर एवं 156 किलोमीटर लाईन इंटर कनेक्शन/वायफरकेशन/ऑगमटेशन का कार्य पूर्ण हो चूका है, शेष कार्य प्रगति पर हैं। डिप्टी टीम लीडर द्वारा दी गई कार्य प्रगति रिपोर्ट संलग्न हैं।

2. संदर्भित जांच आदेश के साथ संलग्न ध्यानाकर्षण कंमाक-351की विधानसभा कार्यवाही के दस्तावेज मे माननीय विधायक श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह द्वारा कहा गया है कि " तीन ट्रांसफार्मर रखे नही गये है, आजादी के बाद 74 बर्ष हो गये है "। उक्त कथन मे तीन ट्रांसफार्मर नही रखे जाने के स्थान का उल्लेख नही है। जांच आदेश के साथ संलग्न उप महाप्रबंधक (संचा/संधा) भिण्ड के पत्र कंमाक 5580 दिनांक 08.01.2025 एवं महाप्रबंधक (संचा/संधा) भिण्ड के पत्र कंमाक 3858 दिनांक 30.10.2024 के माध्यम से यह संज्ञान में आता है कि उक्त 03 नंबर ट्रांसफार्मर नही रखे जाने की शिकायत विधानसभा भिण्ड अन्तर्गत ग्राम बिजपुरी से संबधित है। निरीक्षण दलो के सदस्यों द्वारा ग्राम बिजपुरी जाकर विद्युत संबंधी समस्या की जांच की गई। जांच में पाया गया कि वर्ष 2016-17 में ग्राम बिजपुरी मे फीडर सेप्रेरेशन योजना के तहत कार्य प्रस्तावित था जिसमें 11 के.व्ही आबादी फीडर से गांव मे 24 घण्टें विद्युत प्रदाय किया जाना था। मौके पर उपस्थित ग्रामीणो के द्वारा निरीक्षण के दौरान बताया गया कि तत्समय कुछ ग्रामीणो के विरोध के कारण 11 केव्ही उच्च दाव आवादी फीडर को गांव के अन्दर से न लेकर रोड के किनारे गांव के बाहर जोडा गया। वर्तमान में आर.डी.एस.एस (लोस रिडकशन) योजनान्तर्गत एल.टी लाईन का कार्य किया गया है जो कि ऊर्जीकृत नही है।

वर्तमान में ग्राम बिजपुरी मे घरेलू विद्युत प्रदाय हेतु 1 नंबर 100 केव्हीए का ट्रांसफार्मर एवं 1 नंबर 25 केव्हीए ट्रांसफार्मर 11 केव्हीए चन्दुपुरा आवादी फीडर से जुडा है जिसके माध्यम से गांव के एक हिस्से की लगभग 30 से 35 प्रतिशत आवादी को 24 घण्टे विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। शेष लगभग 60 से 65 प्रतिशत आवादी को चन्दुपुरा पंप फीडर से जोडे ट्रांसफार्मरो के माध्यम से प्रतिदिन 08 से 10 घण्टे औसत विद्युत प्रदाय किया जा रहा हैं।

जांच आदेश के साथ संलग्न उप महाप्रबंधक (संचा/संधा) भिण्ड के पत्र कंमाक 5580 दिनांक 08.01.2025 एवं महाप्रबंधक (संचा/संधा) भिण्ड के पत्र कंमाक 3858 दिनांक 30.10.2024 के माध्यम से यह ज्ञात होता है कि, महाप्रबंधक भिण्ड श्री पी.के.जैन द्वारा ग्राम बिजपुरी मे विद्युत समस्या के निराकरण हेतु 03 नंबर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के प्रस्ताव प्रेषित किये गये अतः श्री पी.के. जैन महाप्रबंधक (सं/सं) भिण्ड के द्वारा पद के दायित्वों का निर्वहन किया गया।

संलग्न:– डिप्टी टीम लीडर की कार्यप्रगति रिर्पोट।

आर.के.अग्रवाल
महा प्रबंधक (वाणिज्य)

राजेश द्विवेदी
उप महाप्रबंधक

उमेश शर्मा
उप महाप्रबंधक

(3)

## Status of Work Progress Under RDSS-LR Project in Bhind Vidhansabha

| Sr No. | Name | Name of TKC | Work Description | Unit | Scope Quantity | Erected Quantity | Balance at Store/Site |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhind Town | M/s OMBL Ltd | 11 KV Bifurcation,Interconnection &11 KV Augumentation | Ckm | 111.21 | 52.5 | |
| | | | DTR | No.s | 52 | 36 | |
| 2 | Bhind Rural | | 11 KV Bifurcation,Interconnection &11 KV Augumentation | Ckm | 416.86 | 102.5 | |
| | | | DTR | No.s | 18 | 4 | |
| 3 | Bhind Vidhansabha | | 11 KV Bifurcation,Interconnection &11 KV Augumentation | Ckm | 528.07 | 155 | 4.33 |
| | | | DTR | No.s | 70 | 40 | 63 |

DTL (PMA) RDSS PROJECT GWALIOR

श्री गौरव बाथम
डिप्टी टीम लीडर
आर डी एस एस (लॉस रिडक्शन)

अनुभाग अधिकारी
म.प्र. शासन, ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, भोपाल